झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे.सी.ई.सी.ई.बी. / 03 / 24 – 15 ,राँची / दिनांक: 29 / 04 / 2024

अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2024 एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2024 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) से संबंधित आवश्यक सूचना

पर्षद द्वारा दिनांक–14.04.2024 (रविवार) को राँची जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक आयोजित अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)– 2024 तथा अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे तक डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2024 में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षाओं के परीक्षाफल, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result Column" पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए अपना परीक्षाफल (Result) अधःभारित (Download) कर सकते हैं। परीक्षाफलों के आधार पर साक्षात्कार से संबंधित सूचना दैनिक समाचार–पत्रों एवं पर्षद के वेबसाईट के माध्यम से यथाशीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

परीक्षाफलों को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों का Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिये गये है जिसे दिनांक–30.04.2024 से अधःभारित (Download) किया जा सकता है। साथ ही उक्त परीक्षाओं के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक–15.04.2024 को जारी करते हुए दिनांक–19.04.2024 तक परीक्षार्थियों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे।

अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)– 2024 के लिये परीक्षार्थियों से प्राप्त सभी आपत्तियों के विरूद्ध विषय विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम / संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षद के वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2024 के लिये किसी भी परीक्षार्थी द्वारा उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। उक्त के हीं आधार पर परीक्षाफलों को तैयार किये गये है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

29/04/2024

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक